दिनांक : 03.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- आज विश्व वन्य जीव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री गुजरात में राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड बैठक की करेंगे अध्यक्षता।
- मुख्यमंत्री ने कहा- प्रदेश में किसानों को 5 रूपये में मिलेगा बिजली का स्थाई कनेक्शन।
- प्रदेश के 10 जिलों में अलग-अलग सेक्टर पर आधारित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का होगा आयोजन, इंदौर से होगी शुरूआत।
- आईसीसी चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट में भारत ने न्यूजीलैंड को हराया। कल सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया से होगा सामना।

प्रधानमंत्री-गुजरात

आज विश्व वन्यजीव दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात में जूनागढ़ जिले के सासन गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड - एनबीडब्ल्यूएल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बोर्ड वन्यजीवों तथा वनों के संरक्षण और विकास को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। बैठक के बाद श्री मोदी सासन में महिला वन कर्मचारियों से भी बातचीत करेंगे। इसके पहले प्रधानमंत्री गिर नेशनल पार्क में सफारी पर जायेंगे। कल श्री मोदी ने जामनगर में वनतारा पशु बचाव केंद्र का दौरा किया था। उन्होंने सोमनाथ मंदिर का भी दौरा किया और सोमनाथ ट्रस्ट बैठक की भी अध्यक्षता की। श्री मोदी शनिवार से तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं।

किसान आभार सम्मेलन

प्रदेश में किसानों को अब 5 रुपये में बिजली का स्थाई कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में आयोजित किसान आभार सम्मेलन में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सुविधा चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी।

*मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि न्यूनतम मूल्य पर बिजली कनेक्शन देने की शुरुआत तत्काल प्रभाव से मध्य क्षेत्र से की जा रही है।*

*राज्य सरकार सोलर पंप के माध्यम से किसानों को बिजली उत्पादन में आत्म-निर्भर बनाने के लिए अगले तीन वर्ष में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराएगी। सोलर पंप नीति के तहत प्रतिवर्ष 10-10 लाख कनेक्शन दिए जाएंगे। यही नहीं, किसानों द्वारा सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली खरीद कर उन्हें नगद भुगतान किया जाएगा। संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल*

यूनियन कार्बाइड

यूनियन कार्बाइड के कचरे को जलाने का पहला ट्रायल रन 27 फरवरी पीथमपुर में इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी द्वारा किया जा रहा है। संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि कल शाम तक 6750 किलोग्राम अपशिष्ट का दहन किया जा चुका है। दहन के दौरान चिमनी से निकल रहे धुएं की लगातार मॉनिटरींग केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि चिमनी से उत्सर्जन निर्धारित मानक सीमा के भीतर पाये जा रहे है।

अच्छी खबर- शहडोल

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सहयोग से काम करने वाला शहडोल का कुबेर स्व सहायता समूह इन दिनों राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में आयोजित प्रदर्शनी में अपने उत्पादों को लेकर चर्चा में है। इस समूह के बारे और जानकारी हमारे शहडोल संवाददाता से .......

*वीओ-1 - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सहयोग से समूह द्वारा बनाए गए मुनगा पाउडर, हल्दी, आंवले का अचार व महुआ लड्डू की अच्छी मांग है। समूह की अध्यक्ष रामलली कुशवाहा ने बताया कि-*

*बाइ□-1 - रामलली कुशवाहा (समूह अध्यक्ष)*

*वीओ-2 - शहरी आजीविका मिशन शहडोल के प्रबंधक सत्यकाम मिश्रा ने बताया कि-*

*बाइ□-2- सत्यकाम मिश्रा (अधिकारी)*

*वीओ-3 - कहते हैं जहां चाह वहीं राह है। समूह की महिलाओं ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अपनी मेहनत के दम पर कई उपलब्धियां हासिल कर रहीं हैं। समूह के उत्पादों को देश व प्रदेश स्तर पर पहचान मिल रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए शहडोल से मैं अरविंद पाण्डे।*

जिलों में कॉन्क्लेव-मुख्यमंत्री

प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधन और संभावनाओं को देखते हुए कटनी सहित 10 अलग-अलग जिलों में इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत इंदौर से आईटी, सेमीकंडक्टर व आर्टिफिशियल इंजीनियरिंग पर केन्द्रित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और फिर उज्जैन में पर्यटन और फूड प्रोसेसिंग पर कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद अन्य स्थानों में भी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यदाव ने यह जानकारी कल कटनी में उद्योगपतियों से संवाद में कही। उन्होंने कहा कि कटनी में मिनरल एंड माइनिंग और फूड प्रोसेसिंग संबंधी इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जायेगी।

नक्शा कार्यक्रम

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के 9 जिलों के 10 नगरों में नक्शा कार्यक्रम लागू किया है। इसे केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग ने 'डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकॉर्ड्स और मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम' के तहत शुरू किया है। नक्शा यानी नेशनल जियो स्पिटियल नॉलेज बेस्ड लैण्ड सर्वे ऑफ अर्बन हेबिटेशन कार्यक्रम सम्पत्ति लेन-देन और ऋण प्राप्ति को सरल बनायेगा। प्रदेश में शाहगंज, छनेरा, अलीराजपुर, देपालपुर, धार कोठी, मेघनगर, माखन नगर, विदिशा, साँची और उन्हेल में इसे लागू किया गया है।

विद्या भारती-प्रशिक्षण शिविर-मोहन भागवत

देश में नई शिक्षा नीति में बदलाव और उस पर विचार मंथन के लिए भोपाल में विद्या भारती का अखिल भारतीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। विद्याभारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी. रामकृष्ण राव ने बताया कि 4 मार्च को शिविर का औपचारिक शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत करेंगे।

रोइंग प्रतियोगिता

भोपाल के बड़े तालाब में मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में आज से 7 मार्च तक 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज शाम 4 बजे पांच दिवसीय चैंपियनशिप का शुभारंभ करेंगे। इस प्रतियोगिता में 14 इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा जिसमे 2 इवेंट्स पैरा सिंगल स्कल महिला एवं पुरुष वर्ग भी शामिल है।

एनएचआरसी-एमईए कार्यक्रम

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग विदेश मंत्रालय के सहयोग से मानवाधिकारों पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। ग्लोबल साउथ के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आयोजित यह छह दिवसीय कार्यक्रम आज से नई दिल्ली में शुरू होगा।

चैंपियंस ट्रॉफी-क्रिकेट

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप-ए के अंतिम लीग मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को कल 44 रन से हरा दिया है। 250 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 45 ओवर और 3 गेंद में 205 रन पर ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड की तरफ से केन विलियमसन ने सर्वाधिक 81 रन बनाए। वरूण चक्रवर्ती ने 5 विकेट लिया। वरूण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

सेमीफाइनल में भारत कल दुबई में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा, जबकि न्यूजीलैंड बुधवार को लाहौर में दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से छह मार्च तक स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह 'भारत पैवेलियन' का उद्घाटन भी करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल सतना जिले के रामपुर बघेलान में आयोजित शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित भी किया।
- केंद्र सरकार के एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित एनीमिया जागरूकता रथ सप्ताह का समापन इंदौर में 'होम्योपैथी महाकुंभ-2025' की 11वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ कल हुआ।
- पन्ना जिले सहित प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 15 मार्च से 5 मई तक किया जाएगा।
- इंदौर जिले में रोजगार मेलों का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। आज 3 मार्च ढँक्कनवाला कुआँ स्थित ग्रामीण हाट बाजार में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार मेला आयोजित किया गया है।
- विदिशा जिले में 7 और 8 मार्च को दिव्यांगजन की सुगम्य यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

- बैतूल के जनजातीय ग्राम बाचा में निर्मित होमस्टे में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके और मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर ने रात्रि विश्राम कर होम स्टे की शुरूआत की।
- शाजापुर में प्रदेश के लोक कलाकारों का राज्य स्तरीय लोकोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर ने जिला अधिकारियों की बैठक ली।
- खंडवा में सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र में बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे को देखते हुए खंडवा जिला प्रशासन ने जिले के गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया है।

-------